हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 30 जनवरी 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4 कंवर समाज ने मुख्यमंत्री को मांदर भेंट कर किया सम्मानित



## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य मंत्री आज जिले में, करेंगे मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

**अंबिकापुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मंगलवार 30 जनवरी को सरगुजा जिले में रहेंगे।



मंत्री श्री जायसवाल प्रातः 10 बजे पुलिस ग्राउंड हेलीपेड रायपुर से सरगुजा के लिए हेलीकॉप्टर से प्रस्थान करेंगे। मंत्री श्री जायसवाल 11 बजे से 12 बजे तक स्वास्थ्य मंत्री चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय अंबिकापुर का निरीक्षण करेंगे एवं समीक्षा बैठक लेंगे। इसके साथ ही वे पार्टी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 3 बजे रायपुर हेतु प्रस्थान करेंगे।

### भाजपा की लोकसभा स्तरीय बैठक आज

**अम्बिकापुर।** सरगुजा लोकसभा स्तरीय भाजपा पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को होगी। भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश महामंत्री पवन साय, कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक अमर अग्रवाल, सरगुजा संभाग प्रभारी , संजय श्रीवास्तव के आतिथ्य तथा जिला अध्यक्ष ललनप्रताप सिंह की अध्यक्षता में बैठक आज भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में दोपहर 12 बजे से होगी। सभी पदाधिकारी पूर्व एवं वर्तमान विधायक, सांसद सहित मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष बने उपेंद्र सिंह पैकरा

**बतौली/सेदम।** छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ का चुनाव हुआ। 28 जनवरी को रायपुर में मतगणना पश्चात



सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर शानदार जीत दर्ज कर उपेंद्र सिंह पैकरा सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए। मूलतः बतौली के ग्राम पंचायत बालमपुर निवासी उपेंद्र सिंह पैकरा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर पंचायत सचिवों के अलावा गांव के लोगों में हर्ष व्याप्त है। गौरतलब है कि उपेंद्र सिंह पैकरा छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रदेश महामंत्री के पद पर रहते हुए अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन किया है और सदैव पंचायत सचिवों के हित में कार्य करते आ रहे हैं। नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह पैकरा ने कहा कि पूरे निस्वार्थ भाव से अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों को निर्वहन करूंगा।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक कल

**अंबिकापुर।** जिपं सीईओ ने बताया कि जिपं सामान्य सभा की बैठक 31 जनवरी को दोपहर 1 बजे से जिपं सरगुजा के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने उक्त बैठक में सर्वसम्बन्धितो को निर्धारित समय मे उपस्थित होने कहा है। सामान्य सभा की बैठक में एजेण्डानुसार शिक्षा विभाग के तहत मुख्यमंत्री जतन योजना, धान खरीदी एवं कृषि विभाग के योजनाओं,स्वास्थ्य विभाग में संचालित योजनाएं एवं निर्माण कार्यों व अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

### सोमवार को पूरे दिन चलती रही मामले की जांच

# डॉग स्क्वायड की मदद से आरोपी के घर से बरामद हुआ करंट बिछाने का दो बंडल तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- जंगल में फरार आरोपी की तलाश में जुटा वन अमला

हरिभूमि फॉलोअप

युवा हथिनी को करंट लगाकर मारने के बाद उसके अंगों को काटकर अलग-अलग गड्ढों में दफनाने के मामले में विभाग को एक बड़ी सफलता मिली है। सोमवार को पुलिस की डॉग स्क्वायड की मदद से एक आरोपी के घर से करंट बिछाने के लिए उपयोग किए गए दो बंडल तार को जब्त किया है।

आरोपियों से पूछताछ में यह तथ्य सामने आया है कि आरोपियों ने धूरिया जंगल स्थित चीतल बाड़े के पास जंगली सुअर एवं चीतल के शिकार के लिए 2 फीट की ऊंचाई पर जीआई तार का फंदा बिछाकर करंट लगाया था। फंदे में कोई वन्य जीव नहीं फंसा, करंट की चपेट में आने से युवा हथिनी की मौत हो गई। वन अधिकारियों ने वन्य जीवों के शिकार के लिए करंट का फंदा लगाने की बात स्वीकार की है लेकिन आरोपी शिकार के लिए फंदा लगाने की अवधि अलग-अलग बताकर भ्रम पैदा कर रहे हैं। हथिनी के अंगों के पीएम में उसके आगे के दोनों पैर एवं सुंड का निचला हिस्सा करंट से झुलसने की पुष्टि हुई है। पीएम के दौरान हथिनी के किसी भी अंग में खून की मौजूदगी नहीं मिली है। चिकित्सक करंट की चपेट में आने से हथिनी का खून सूख जाने की बात कह रहे हैं। रविवार को काफी मशक्कत के बावजूद वन अधिकारी शिकार के लिए करंट का फंदा बिछाने के लिए उपयोग किए गए तार को जब्त नहीं कर पाए थे। सोमवार को सुबह डॉग स्क्वायड की मदद ली गई। घटनास्थल पर घूमने के बाद पुलिस का डॉग भागते हुए सीधे आरोपी के घर पहुंचा इस दौरान आरोपी के परिजन घर में कोई भी सामग्री होने से इंकार करते रहे। पुलिस व वन अधिकारियों द्वारा सख्ती करने पर परिजन ने विभाग को दो बंडल तार सौंपा जिसमें एक बंडल जीआई तार एवं एक बंडल इंसुलेट तार शामिल है। वन अधिकारी पूरी रात रेस्ट हाउस में आरोपियों से पूछताछ करते रहे। वनकर्मी दोपहर तक जंगल में फरार तीसरे आरोपी की खोजबीन करते रहे। उसके नहीं मिलने पर कोर्ट में तीन आरोपियों को प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।



गड्ढे से हाथी के अंगों को निकालते आरोपी।



### सक्रिय रहे वाइल्ड लाइफ के कर्मचारी

जंगल की सुरक्षा एवं वन्य जीवों की नियमित मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारी रगुलर के अधिकारी-कर्मचारी निभाते हैं। रविवार एवं सोमवार को चली जांच एवं कार्रवाई में रेगुलर के अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी निष्क्रियता पूर्वक भीड़ का हिस्सा बने रहे। एक-दो-अधिकारी-कर्मचारी ही पूरी मुस्तैदी से भूखे-प्यासे अभियान में सक्रिय रहे। इसके विपरीत मामले की जांच व कार्रवाई में वाइल्ड लाइफ के महावत से लेकर वरिष्ठ अधिकारी तक पूरी संजीदगी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाते रहे। वाइल्ड लाइफ के कर्मचारियों की सक्रियता के कारण ही कम समय में मामले की जांच व कार्रवाई पूरी हो सकी।

### बिसरे की जांच होगी देहरादून लैब में

सोमवार को एलिफेंट रेस्क्यू सेंटर के चिकित्सक डॉ.अजीत पाण्डेय ने मृत हथिनी के अंगों के नमूनों को संरक्षित किया। जांच के लिए मृत हथिनी के अंगों का विसरा फारेंसिक जांच के लिए देहरादून लैब में भेजने की तैयारी की जा रही है। फारेंसिक जांच में स्पष्ट होगा कि हथिनी की हत्या कितने दिन पूर्व की गई थी तथा अंग एक ही हथिनी के हैं या एक से अधिक के जांच में अन्य तथ्यों का भी खुलासा होगा।

### वनकर्मियों की बड़ी लापरवाही

सोमवार को पूरे दिन चली जांच में वनकर्मियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। बताया जा रहा है धूरिया बीट में पदस्थ फारेस्ट एवं डिप्टी रेंजर स्थानीय होने के कारण कभी भी मुख्यालय में नहीं रहते एवं अपने घर से आना-जाना करते हैं। जंगल का दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण वनकर्मी कभी जंगल का भ्रमण नहीं करते एवं हाथियों की मानिटरिंग के नाम पर भी खानापूर्ति करते हैं। इस बड़ी अमानवीय घटना की वनकर्मियों की कानोकान खबर नहीं होना बड़ी लापरवाही मानी जा रही है। इस तरह की घटना से विभाग के वरिष्ठ अधिकारी हैरान हैं। मामले में घुई रेंज के कुछ वनकर्मियों पर दो-तीन दिन के भीतर कड़ी कार्रवाई होना तय माना जा रहा हैं।

### एक दंतैल भी लापता

मृत हथिनी के साथ लम्बे समय से भ्रमण कर रहा दंतैल भी लंबे समय से लापता है। बताया जा रहा है कि तीन महीने पूर्व तक तमोर पिंगला अभ्यारण्य में 60 से अधिक अलग-अलग दलों में लम्बे समय तक मौजूद थे। इस दौरान हाथियों का एक जोड़ा भी एक साथ मौजूद था जिसमें आरोपियों द्वारा करंट लगाकर मौत के घाट उतारने वाली युवा हथिनी शामिल थी। हथिनी की करंट से मौत होने के बाद उसका साथी दंतैल लापता है। वन विभाग विभिन्न माध्यमों से सरगुजा संभाग में सक्रिय हाथियों की सूचना नियमित जारी करता है। लंबे समय से दंतैल के लोकेशन की जानकारी नहीं मिली है। जानकार दंतैल के साथ भी कुछ अपशगुन होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मृत हथिनी के साथी दंतैल के लापता होने की जानकारी वन अधिकारियों को भी नहीं है।

### 15 आरोपियों के शामिल होने की आशंका



वन अधिकारी एवं चिकित्सक हथिनी की हत्या करने एवं उसके अंगों को काटकर अलग-अलग गड्ढों में दफनाने के मामले में 15 से अधिक आरोपियों के शामिल होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। आरोपियों ने शाम ढलने के बाद सुबह तक हथिनी के अंगों को काटने एवं दफनाने की बात कही है। चिकित्सकों ने गड्ढे में पड़े हथिनी का पैर आरोपियों से बाहर निकालने के लिए कहा तो काफी कोशिशों के बावजूद वे नहीं निकाल सके। आरोपियों ने सभी गड्ढे 500 मीटर दूरी पर अलग-अलग हिस्सों में खोदा है जो चार ग्रामीणों से संभव नहीं है। अधिकारी मामले में शामिल अन्य आरोपियों को तलाश रहे हैं। विसरा संरक्षित करने के उपरांत हथिनी के अंगों को नष्ट किया गया।

### चल रही पूछताछ

मामले में फरार आरोपी सहित अन्य आरोपियों की धरपकड़ के लिए पूछताछ व जांच चल रही है। तीन आरोपियों को कोर्ट द्वारा जेल भेजा गया है।

-आशुतोष भगत
उपवन मंडलाधिकारी

# पिपरौल की नालंदा एग्रो राइस मिल से 5827 बोरी धान गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- अनियमितता पर राजस्व अधिकारियों ने किया सील, रामचंद्रपुर विकासखंड का मामला

बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर में जिला प्रशासन की टीम ने धान की अनियमितता के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। छापामार कार्रवाई के दौरान मिल में 5827 बोरी धान कम पाए जाने पर टीम में पिपरौल के नालंदा एग्रो राइस मिल को सील कर दिया है। बता दें की धान खरीदी के दौरान कोचिए अपना अवैध धान खपाने के लिए नए नए तरीके अपना रहे है। इसके साथ ही धान की हेराफेरी के कारोबार में मिलर्स भी शामिल हो गए है। बलरामपुर जिले में भी अवैध धान को खपाने से रोकने के साथ ही धान की अफरा तफरी पर कार्रवाई के निर्देश कलेक्टर आर एक्का ने दिए है। कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक व हल्का पटवारी द्वारा रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम पिपरौल स्थित नालंदा एग्रो राइस मिल में छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान भौतिक सत्यापन में 5827 बोरी धान कम पाया गया है। बताया जा रहा है कि मिलर द्वारा 19680 क्विंटल धान का उठाव किया गया था। इसमें से 15000 क्विंटल धान की मिलिंग कर दी गई। मिलिंग उपरान्त मिलर द्वारा 8095.45 क्विंटल चावल जमा किया गया। अधिकारियों के अनुसार भौतिक सत्यापन के दौरान मौके पर 11700 बोरी धान उपलब्ध होना चाहिए था लेकिन मौके पर सिर्फ 5873 बोरी धान ही पाया गया ऐसे में टीम द्वारा 5827 बोरी धान की हेराफेरी के मामले में मिल संचालक पर अनियमितता को लेकर कार्रवाई की गई है। टीम द्वारा नालंदा एग्रो राइस मिल को सील करते हुए अग्रिम आदेश तक मिल में किसी भी प्रकार का कार्य संपादन प्रतिबंधित किया गया है।



# पटाखा फोड़कर हाथियों को खदेड़ने पहुंचे युवक को दंतैल ने पटका, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/प्रतापपुर

- मृतक के गन्ने की फसल में मौजूद थे 33 हाथी, ग्राम पंचायत बैकोना की घटना

गन्ने के खेत में मौजूद हाथियों को पटाखा फोड़कर भगाने गए युवक को हाथियों ने पटक दिया जिससे उसकी मौत हो गई। वन अधिकारियों ने पीएम उपरांत मृतक के परिजन को 25 हजार रूपए की तात्कालिक सहायता प्रदान की है।

33 हाथियों का बड़ा दल पिछले 20 दिनों से प्रतापपुर जंगल में भ्रमण कर रहा है तथा पिछले 3-4 दिनों से बैकोना जंगल में मौजूद है। हाथियों का दल शाम 6 बजते ही आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जाता है तथा गन्ने की फसल खाकर अपनी भूख मिटाता है। दल में हाथियों की संख्या अधिक होने के कारण हाथी अलग-अलग दलों में बंटकर फसल को तबाह करते हैं एक रात में 8-10 एकड़ गन्ना की फसल को चट करने के साथ ही फसल को रौंद देते हैं। वन अमला नियमित हाथियों की मॉनिटरिंग करने के साथ ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने के लिए जागरूक करता है। एक साथ 33 हाथियों को खदेड़ना संभव नहीं होने एवं हाथियों के अलग-अलग खेतों में सक्रिय रहने के कारण ग्रामीण भी लाचार बन कर अपनी फसल को तबाह होते देखते रहते हैं। बीती रात हाथियों का दल जंगल के दो किमी दूर ग्राम बैकोना पहुंचा एवं पूरी रात गन्ने की फसल को तबाह करता रहा है। सुबह हाथियों का दल गन्ने के खेत में ही मौजूद था। सुबह 8 बजे अपने गन्ने के खेत में मौजूद हाथियों को खदेड़ने के उद्देश्य से ग्राम बैकोना निवासी शिवमंगल आ. मोहर साय कंवर (35 वर्ष) पटाखा फोड़ पाता इसके पूर्व ही एक दंतैल से उसका सामना हो गया। मोहर साय सामने हाथी को देख भागने की कोशिश की लेकिन दंतैल ने अपने सुंड में जकड़ कर उसे पटक दिया। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे किसी तरह बाहर निकाला तथा तत्काल अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे वन अधिकारियों ने मृतक का पीएम कराने के उपरांत परिजन को 25 हजार रूपए की तात्कालिक सहायता प्रदान की।



सहायता राशि देते वन अधिकारी।

### हाथियों को देखने उमड़ी भीड़

इस दौरान पूरे दिन गन्ने के खेत में मौजूद हाथियों को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ लगी रही। हाथियों द्वारा युवक को मौत के घाट उतारने की सूचना देने के बावजूद बड़ी संख्या में युवा हाथियों का वीडियो बनाने में मशगूल रहे। वन अमले द्वारा बार-बार मना करने के बावजूद युवा हटने के लिए तैयार नहीं थे। इस दौरान मौजूद भीड़ को हटाने के लिए वनकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### लगातार कर रहे छेड़छाड़

वन अमले द्वारा लगातार जागरूक करने एवं हाथियों से दूर रहने की सलाह देने के बावजूद भी ग्रामीण हाथियों से छेड़छाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। सुबह 8 बजे हाथियों को खदेड़ने के उद्देश्य से पटाखा फोड़ने के लिए खेत में घुसा था। मृतक की पत्नी को 25 हजार रूपए की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है।

-आशुतोष भगत
उप वनमण्डलाधिकारी

## छात्रावास के समीप आपस में भिड़ी बाइक, एक गंभीर

**बैकुंठपुर।** जिले के ग्राम सारा बालक छात्रावास के समीप 27 जनवरी की देर शाम तीन बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ग्राम नगर निवासी शंकर राजवाड़े गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चालक तो बाइक से दूर गिर गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर पहुंची जनपद अध्यक्ष बैकुंठपुर सौभाग्यवती सिंह कुसरो ने 108 नंबर पर एम्बुलेंस को फोन कर हाथ से की जानकारी दी, लेकिन समय से एम्बुलेंस नहीं आने पर जनपद अध्यक्ष द्वारा निजी वाहन से ही घायल को जिला अस्पताल बैकुंठपुर भिजवाया गया, वहीं घायलों के उपचार के लिए अस्पताल के चिकित्सकों को फोन कर पहले से घटना की जानकारी दे दी गई।

## चेक बाउंस के मामले में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**राजपुर।** चेक बाउंस मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। फरार आरोपी के खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया गया था। एसपी के निर्देश पर एएसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर, एसडीओपी कुसमी इमानुएल लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा स्थाई व गिरफ्तारी वारंटियों की तलाशी की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर अंबिकापुर के शिवधारी कॉलोनी निवासी रविंद्र प्रजापति को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी वर्षों से चेक बाउंस मामले में फरार था और अंबिकापुर में छिपकर रह रहा था।

# रात्रि गस्त के दौरान पुलिस ने पकड़ा 68 लीटर अंग्रेजी शराब



हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- आरोपी बाइक छोड़कर हुए फरार, आरोपियों की तलाश जारी

रात्रिगश्त के दौरान पुलिस ने दो बाइक सवारों से 68 लीटर से अधिक अंग्रेजी शराब बरामद किया है। आरोपी पुलिस को देखते ही बाइक व शराब छोड़कर फरार हो गए। पुलिस द्वारा शराब को जब्त करने के साथ ही आरोपियों की जा रही है।

बता दें कि सरगुजा में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल लगाने को लेकर एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, एसडीओपी ग्रामीण अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 28 जनवरी की रात रात्रि गस्त पर निकली पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि 2 संदिग्ध व्यक्ति बाइक से भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर नगर की ओर आ रहे है। सूचना के आधार पर पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा बदगर्री चौक नहर पुलिया के समीप घेराबंदी की गई और संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस के मौजूदगी की जानकारी लगते ही आरोपी तस्कर अपनी बाइक को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस द्वारा मौके पर मौजूद बाइक क्रमांक सीजी 15 सीसी 3991 से 180 नग गोवा अंग्रेजी शराब कुल मात्रा 32.400 लीटर व बाइक क्रमांक सीजी 29 ए 5766 से 200 नग अंग्रेजी शराब गोवा कुल मात्रा 36 लीटर बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से कुल 380 नग ⏭ शेष पेज 3 पर

## मणिपुर थाना क्षेत्र में खेत किनारे मिला था नाबालिग छात्र का शव, आरोपी युवक गिरफ्तार

# ब्रेकअप कराने से नाराज युवक ने जैकेट की रस्सी से गला घोंटकर की छात्र की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मणिपुर थाना क्षेत्र में छात्र का शव मिलने के मामले में पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। इस घटना में पुलिस ने मृतक के ही एक दोस्त को गिरफ्तार किया है। बड़ी बात यह है कि आरोपी ने मृतक की हत्या सिर्फ इस लिए कर दी क्यों कि उसने प्रेमिका से ब्रेकअप करा दिया था। आरोपी ने मृतक छात्र को शराब पिलाने के बाद जैकेट में लगी रस्सी से गला घोंटकर हत्या की और उसके बाद शव को घसीटकर खेत किनारे फेंक दिया था। इतना ही नहीं आरोपी ब्रेकअप कराने वाले दो अन्य साथियों को भी खोज रहा था। समय रहते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि रविवार की सुबह मणिपुर थाना अंतर्गत बंजारी मोहल्ले में खेत किनारे एक नाबालिग का शव बरामद किया गया था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा जांच उपरान्त मृतक की पहचान बंजारी निवासी 16 वर्षीय आशीष लकड़ा आ. करमा लकड़ा के रूप में की गई थी जो कक्षा आठवीं का छात्र था और एक सप्ताह से लापता था। छात्र स्कूल से लौटने के बाद वापस घर नहीं पहुंचा था। पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए भेजने के साथ डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक की मदद से जांच शुरू कर दी गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, सीएसपी स्मृतिक राजनाला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक के दो दोस्तों को बुलाकर पूछताछ की तो लक्ष्मीपुर बंजारी निवासी वीरेंद्र सिंह पर संदेह जताया गया। ऐसे में पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने 18 वर्ष 3 माह निवासी वीरेंद्र कुमार नागवंशी उर्फ लादेन कुलदीप मुंडा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आज इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि आरोपी वीरेंद्र कुमार नागवंशी का एक छात्रा से प्रेम प्रसंग था और मृतक ने आरोपी और उसकी प्रेमिका के बीच ब्रेकअप करा दिया था। इस बात को लेकर आरोपी काफी आक्रोशित था और उसने छात्र के हत्या की योजना बनाई और घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को आज धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर प्रदीप जायसवाल, एसआई प्रेम सागर खुटिया, एएसआई विवेक पाण्डेय, नवल किशोर दुबे, बबलू कुजूर, ललन प्रसाद गुप्ता, प्रधान आरक्षक मेहश्वर सिंह, भोजराज पासवान, विपिन तिवारी, आरक्षक अतुल शर्मा, सत्येंद्र दुबे, अमित विश्वकर्मा, विकास सिंह, संजीव चौबे, जितेश साहू, कुश कुमार सोनी, सुरेश कुमार, इम्तियाज अली, प्रताप सिंह, सैनिक दिनेश यादव सक्रिय रहे।



### शराब पिलाने के बाद दिया घटना को अंजाम

आज मामले का खुलासा करते हुए सीएसपी स्मृतिक राजनाला ने बताया कि आरोपी वीरेंद्र कुमार नागवंशी ने ब्रेकअप कराने और प्रेमिका से मेलजोल रखने को लेकर मृतक से नाराज चल रहा था। आरोपी ने योजनाबद्ध तरीके से 26 जनवरी की देर शाम जमकर शराब पिलाई और फिर हरिहर पुरिया के धान खेत में ले जाकर जैकेट की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को लगभग 100 मीटर तक घसीटकर खेत किनारे अहाते के पास ले जाकर फेंक दिया और घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर जैकेट व जैकेट की रस्सी को बरामद कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एएसपी श्रीमती मोनिका ठाकुर एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित और माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्रा. डॉ. सुमित कुमार डे, श्रीमती कनकलता पैकरा एवं वरूण कुमार कुशवाहा के द्वारा लड़कियों के अधिकारों के बारे में छात्रों को जागरूक किया गया एवं अपने अधिकारों के प्रति सकारात्मक नजरिया अपनाने पर फोकस करने को कहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एएसपी श्रीमती ठाकुर ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, महिला समानता, महिला शिक्षा, कन्या भ्रूण हत्या, महिला सुरक्षा, महिला पोषण, बाल विवाह, महिला हिंसा, लैंगिक अपराध इत्यादि विषयों पर महाविद्यालय की छात्राओं को जागरूक किया गया एवं इन विषयों के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य के द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह दिया गया एवं सहायक प्रा. डॉ. सुमित कुमार डे के द्वारा आभार प्रदर्शन व्यक्त किया गया।

### गोंडवाना कप क्रिकेट टूर्नामेंट में दुबछोला विजेता

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के ग्राम मोरगा में गोंडवाना कप क्रिकेट टूर्नामेंट कार्यक्रम 21 से प्रारंभ होकर 28 जनवरी को संपन्न हुआ। फाइनल प्रतियोगिता में दुबछोला टीम प्रथम एवं पिपरिया टीम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संतोष चंद्राकर राष्टीय महामंत्री गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, अध्यक्षता संजय सिंह कमरो प्रदेशाध्यक्ष गोंडवाना गणतंत्र पार्टी , विशिष्ट अतिथि शशि राज सिंह प्रदेश प्रचार मंत्री, विशिष्ट अतिथि इरफान शेख संभागीय महामंत्री, विशिष्ट अतिथि केवल सिंह मरकाम जिलाध्यक्ष गोंगपा एमसीबी, विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष गोंगपा एमसीबी, विशिष्ट अतिथि सुरश सिंह आयम कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गोंगपा एमसीबी, विशिष्ट अतिथि रुकमणी मानिकपुरी, वैशाखू सिंह सरपंच मोरगा, उपेन्द्र सिंह सरपंच सरभोका, ज्ञान सिंह सरपंच लोहारी, ध्यान सिंह रक्सेल, जैकी सिंह, महेश सिंह आयम सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। आठ दिन तक चले इस टूर्नामेंट में क्रिकेट खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्ण प्रदर्शन किया। आयोजन के अंतिम दिन विजेता व उप विजेता टीम के साथ उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

### एमसीबी जिला प्रशासन ने जीता सद्भावना क्रिकेट मैच

**मनेन्द्रगढ़।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में जिला प्रशासन एवं एमसीबी प्रेस क्लब के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच खेला गया। इसमें जिला प्रशासन की टीम ने शानदार जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। मनेन्द्रगढ़ के आमाखेरवा ग्राउंड में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा एमसीबी कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की गेंद पर करारा शॉट लगाकर मैच का शुभारंभ कराया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने जिला प्रशासन टीम के कप्तान कलेक्टर एवं एमसीबी प्रेस क्लब अध्यक्ष रंजीत सिंह की उपस्थिति में टॉस की प्रक्रिया कराई । इसमें एमसीबी प्रेस क्लब की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 12 ओवर के मैच में प्रेस क्लब की शुरूआत काफी निराशाजनक रही, लेकिन सुनील शर्मा और सुरजीत सिंह की जोड़ी ने टीम को मुश्किलों से निकालकर 84 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिला प्रशासन की टीम ने शानदार शुरूआत की और 85 रनों के लक्ष्य को 5 विकेट खोकर आसानी से हासिल कर लिया। मैच के अंपायर गोविंद कुंभकार व केमेन्द्र साहू रहे। वहीं स्कोरिंग सुमित कुमार जायसवाल ने की, जबकि मैच का आंखों देखा हाल संजय श्रीवास्तव ने सुनाया। मैच की अतिथि मनेन्द्रगढ़ नपाध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल एवं नगर पंचायत नई लेदरी अध्यक्ष सरोज यादव के द्वारा विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्रॉफी भेंट की गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जिला प्रशासन के आदर्श सिंह को दिया गया। वहीं बेस्ट बैट्समेन सुनील शर्मा, बेस्ट बॉलर सुलेमान खान, बेस्ट फिल्डर का पुरस्कार रमणीक गुप्ता को भेंटकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

# राशन कार्ड नवीनीकरण: सर्वर स्लो होने से कार्डधारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राज्य में बीते 25 जनवरी से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्डों का नवीनीकरण अभियान शुरू हो चुका है। इसके अंतर्गत अविभाजित कोरिया के 1.90 लाख राशन कार्डों का नवीनीकरण किया जाएगा। इनमें प्रचलित सभी अंत्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित, निःशक्तजन राशन कार्ड और सामान्य राशन कार्ड शामिल हैं, इसके लिए 15 फरवरी 2024 तक का समय-सीमा तय किया गया है। राशन कार्ड का नवीनीकरण कराने, राशन कार्ड में शामिल कम से कम एक सदस्य का ई-केवायसी पूरा होना जरूरी है, लेकिन जिले




में मोबाइल एप के माध्यम से और राशन दुकानों में टैबलेट के माध्यम से राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए सरवर डाउन होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। तकनीकी जानकारों की माने तो एक साथ सर्वर पर कहीं अधिक लोड के कारण सर्वर डाउन की समस्या आ रही है।

राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए प्रोसेस करने के बाद एप्लीकेशन सबमिट करने पर सर्वर बिजी बता रहा है। यही कारण है कि अभी तक अविभाजित कोरिया में ज्यादा संख्या में नवीनीकरण नहीं हो सका है। विदित हो कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्डों के नवीनकरण शुरू हो गया है। राशन कार्डधारियों को 15 फरवरी तक आवेदन जमा करना होगा। जानकारी के अनुसार राशन कार्डों के नवीनीकरण कराने को लेकर कार्डधारियों की सुविधा को ध्यान में रखकर खाद्य विभाग के ऐप से ऑनलाइन आवेदन जमा करना होगा। हितग्राही अपने मोबाइल या राशन दुकानों के टैबलेट या दुकान संचालक की पंजीकृत एंड्रॉयड मोबाइल में डाउनलोड कर आवेदन प्रस्तुत करेंगे। राशनकार्ड नवीनीकरण निःशुल्क होगा, सिर्फ सामान्य राशन कार्ड का नवीनकरण करने 10 रुपए शुल्क लिया जाएगा। अविभाजित कोरिया में कुल 1.90 लाख राशन कार्ड हैं, इसमें कोरिया में 82025 और एमसीबी में 107623 राशन कार्ड हैं।

# वनांचल में नहीं रुक रहा पशु तस्करी का अवैध कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

- 30 मवेशी बरामद, 4 पशु तस्कर पकड़े गए

वनांचल क्षेत्र में पुलिस द्वारा लगातार पशु तस्करों पर किए जा रहे कार्रवाई के बावजूद पशु तस्करी का अवैध कारोबार थम नहीं रहा है। बीती रात्रि मुखबीर की सूचना पर जनकपुर पुलिस ने नाकाबंदी कर जंगल के रास्ते बूचड़खाने ले जा रहे 30 नग मवेशी सहित 4 तस्करों को पकड़ लिया। पकड़े गए मवेशियों को जब्त कर नियमानुसार सुपुर्दगी में सुरक्षित रखवा दिया गया है।

वहीं पशु तस्करों पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। विदित हो कि एमसीबी जिले के भरतपुर ब्लाक अंतर्गत आए दिन पशु तस्करों द्वारा रात के अंधेरे में पशुओं को जंगल के रास्ते पैदल, ट्रक व पिकअप वाहन में पशुओं भरकर फर्राटा भरते हुए चुपके से निकल जाते हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार इस कारोबार में बाहरी व्यापारियों के साथ ही क्षेत्र के कई लोगों की संलिप्ता रहती है, जिससे इस तस्करी के धंधे से जुड़े लोग बेखौफ होकर इस क्षेत्र से पशुओं को लेकर गुजरते रहते हैं। क्षेत्र के इन्हीं लोगों की सहयोग की मदद से मवेशियों को आसानी से निकालकर बूचड़खाने तक भेज दिया जाता है।



पकड़े गए पशु तस्कर व जब्त मवेशी।

### व्यापारी बन क्षेत्र में घूमते हैं तस्कर

वनांचल क्षेत्र में बाहर से आकर कई पशु तस्कर व्यापारी बनकर घूमते रहते हैं। ये तस्कर क्षेत्र के भोले-भाले स्थानीय लोगों को कुछ रकम देकर अपने झांसे में ले लेते हैं और उनसे विचौलिया का कार्य कराते हुए क्षेत्र से ही कुछ मवेशियों को ले लेते हैं, इन्हीं मवेशियों के आड़ में तस्कर बाहर से पशुओं को लाकर वनांचल क्षेत्र से पशुओं को निकालकर मध्यप्रदेश होते हुए दूसरे राज्य के बूचड़खाने तक ले जाते हैं। क्षेत्र के ग्राम च्यूल के जंगल में पकड़े गए पशु तस्करों का 30 नग भैंस पड़वा को ले जाने के बारे में उनका कहना है कि वह लोग वनांचल क्षेत्र के ही विभिन्न गांवों में घूम-घूमकर मवेशियों को खरीदे हैं और मध्यप्रदेश होते हुए उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड़ राज्य में बने बूचड़खाने तक ले जाकर वहां किलो के दर में बेंच देते हैं।

### कार्रवाई की गई

30 नग भैंस पड़वा की जब्ती व 4 आरोपी तस्करों के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

-ओपी दुबे
थाना प्रभारी
जनकपुर

# एके नर्सिंग कालेज में फ्रेशर्स फेयरवेल का भव्य आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** हमारा मानना है कि नर्सिंग पेशा एक कला और विज्ञान दोनों है, जो वैज्ञानिक समस्या समाधान दृष्टिकोण पर आधारित है, जो बड़े पैमाने पर समाज को व्यापक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करता है। हमारे कॉलेज की प्राथमिक चिंता शिक्षा के माध्यम से व्यक्तियों को दयालु, कुशल, नैतिक रूप से सुदृढ़, शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट पेशेवर बनाना है। वे शरीर और मन दोनों को स्वस्थ करते हुए स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता और अग्रणी होंगे।

उक्त बातें मनेन्द्रगढ़ एके इंस्टीट्यूट नर्सिंग कॉलेज मनेन्द्रगढ़ में नवागत छात्र -छात्राओं का स्वागत एवं संस्थान में अध्यापन पूरा कर चुके छात्रों की विदाई समारोह के अवसर पर कालेज के संचालक अखिलेश कुमार ओझा ने कही। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, बीएड कॉलेज के संचालक राजेश शर्मा, रामचरित द्विवेदी, गोपाल सिंह, धुरंधर तिवारी, गुरमीत अरोरा, विनय पाण्डेय, मृत्युंजय चतुर्वेदी, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक मौजूद रहे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अतिथियों ने इस दौरान जनवरी प्रथम सप्ताह में स्पोर्ट्स सप्ताह में विजेता एवं उपविजेता को पुरस्कृत कर छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती प्रभा पटेल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने गुणवतापरक शिक्षा देनी चाहिए। नर्सिंग कॉलेज के संचालक एके ओझा ने संस्थान की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। छात्रों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार मृत्युंजय चतुर्वेदी ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया व शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की गतिविधियों के महत्व को उजागर किया।



गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.....
ओ.पी. गुप्ता
संकुल प्रभारी,रामानुजगंज
जिला - बलरामपुर - रामानुजगंज

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.....
त्रिवेंद्र सांडिल्य
उद्यानिकी विभाग बघिमा, राजपुर
जिला - बलरामपुर - रामानुजगंज

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.....
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन विभाग,रामानुजगंज
जिला - बलरामपुर - रामानुजगंज

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.....
अभिषेक द्विवेदी
कार्यक्रम अधिकारी, जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर
जिला - बलरामपुर - रामानुजगंज

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.....
अमृता भगत
महिला एवं बाल विकास अधिकारी, राजपुर
जिला - बलरामपुर - रामानुजगंज

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.202401021700021/अ-21/2023-24

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश मण्डल आ. स्व. अनिल मण्डल, निवासी ग्राम नेहरूनगर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम नेहरूनगर स्थित भूमि खसरा नंबर 36/8, 36/9 रकबा क्रमशः 0.530, 0.050 हे. में से क्रमशः 07, 10 डिसिमल (कुल 17 डिसिमल) भूमि आवेदक को अपने निजी कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक राजू चौधरी आ. गोकुल चौधरी, निवासी ग्राम नेहरूनगर, तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) को रू. 20,00,000/- (बीस लाख रूपये) में बिक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 31/01/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक-11/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार,**
**अम्बिकापुर-02**

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग | नेत्र रोग विभाग | दंत रोग विभाग | स्त्री रोग
चर्म रोग विभाग | सर्जरी विभाग | शिशु रोग | हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

सभी रोगों के विशेषज्ञ प्रतिदिन उपलब्ध
गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW
MULTISPECIALITY HOSPITAL
24x7 इमरजेंसी सेवा भर्ती एवं आईसीयू ऑपरेशन
डॉ. रितेश गुप्ता MBBS, MD (Medicine), FNIC लीलावती हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. इति गुप्ता MBBS, DDV, FAD (Mumbai) त्वचा, बाल, नाखून एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनीष गुप्ता BDS, DCC, DMT, LAS (Mumbai) दंत चिकित्सक एवं स्किन कॉस्मेटोलाजिस्ट
24/7 Emergency Services
पंजीयन हेतु संपर्क करें
सड़क दुर्घटना या किसी भी आपातकालीन स्थिति में कॉल करें
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
AMBULANCE
गायत्री मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल 9424250281 | 8120906000 | 8120809000

सरगुजा मार्केट

श्वॉस, दमा, अस्थमा, एलर्जी एवं टी.बी. रोगी ध्यान दें
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के
श्वॉस, दमा, एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
डॉ.दीपक गुप्ता
(Appolo Hospital)
MD (PULMONARY MEDICINE)
PILMONOLOGIST & BRONCHOSCOPIST
SPECLIST: ASTHAMA, ALLERGY, T.B & ALL CHEST DISEASES
अस्थमा, दमा, स्वाइन फ्लू, टी.बी. एलर्जी निमोनिया, सिलिकोसिक, फेफड़ों के कैंसर, धुम्रपान एवं धूलजनित छाती एवं श्वॉस संबंधित बीमारियों हेतु
दिनांक 3 फरवरी 2024 7828166921, 8462003722
लाईफ केयर हॉस्पिटल
कमलेश्वर नेत्रालय भवन, जैन मंदिर के पास चोपड़ापारा अम्बिकापुर (छ.ग.)

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज़ थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज ,थाइराइड, मोटापा,माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटा कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध:
दिनांक - 04 फरवरी 2024, दिन-रविवार
नोट- डॉ. प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइटस गेंहू बाडी, सी.एम.ओ. आफिस के बगल में, दर्रीपारा अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक-28 जनवरी 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर चौथा रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर "पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

माहवारी के समय दर्द, असमय एवं अनियमित माहवारी, पेशाब में जलन, सफेद पानी, गर्भाशय में गठान, बाल झड़ना, चेहरे में मुंहासे, पुराना एक्जिमा एवं महिलाओं के समस्त रोगों का 100% प्राकृतिक और सफल होमियोपैथी उपचार के लिए संपर्क करें।
समय सुबह 08.00 बजे से 12.00 pm
दोपहर 02.00pm से रात 07.00 बजे तक।
डॉ. अमरीन फिरदौसी
BHMS, MSC Nutrition
होमियोपैथी विशेषज्ञ एवं आहार विशेषज्ञ
शालीमार कालोनी, नवागढ़, महामाया मंदिर के पास, अंबिकापुर,
9179454786, 9753214959

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. रोशन लाल वर्मा
MD (T.B. & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टी. बी., छाती एवं एलर्जी
26 जनवरी 2024, शुक्रवार
डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
सलाहकार अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर (छ.ग.)
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कॉर्डियोलॉजिस्ट)
दिनांक-28 जनवरी 2024, रविवार
समय- सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 23 जनवरी 2024 दिन - बुधवार
डॉ. राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
■ आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
■ दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
■ किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
■ पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
■ किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनैरिया, संतान न होना, शुक्राणु की कमी आदि सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध हैं
कहीं से भी ईलाज कराने से पहले एक बार जरूर मिलें
समय प्रात: 8 बजे से रात 8 बजे तक
डॉ. एस. कुमार
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता : भैयाथान रोड, अग्रसेन भवन के पास, मिश्रा गली के बगल में, सूरजपुर (छ.ग.)
6260666291,7908772802

## खबर संक्षेप



### पं. रेवती रमण मिश्र स्मृति पुरस्कार से सम्मानित हुए मेघावी विद्यार्थी

**अम्बिकापुर।** गणतंत्र दिवस पर शैक्षिणक सत्र 2022-23 में उत्कृष्ठ अंक हासिल करने वाले सरगुजा के मेघावी विद्यार्थियों को पंडित रेवती रमण मिश्र फाउंडेशन कार्यालय में संस्थापक अनूप कुमार मिश्र द्वारा पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। उन्होंने पंडित जी की कविता मातृभूमि का प्यार लेकर हम जीते हैं का गायन किया। इस दौरान प्रभु नारायण वर्मा, शशिकांत दुबे, अरूण त्रिपाठी विद्यार्थी, उनके परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में 12वीं बोर्ड में कु.प्रिया रोहरा मनेन्द्रगढ़, देवकुमार देवांगन जशपुर को क्रमशः 5 हजार एवं 3 हजार एवं 10वीं बोर्ड में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले जशपुर के रोहित यादव को 3 हजार एवं पिंकी यादव, सूरज पैंकरा, आरती चौहान कु.आकांक्षा साहू, अनुज कुमार, कुनकुरी के आदित्य राज गुप्ता, कु.बुलबुल यादव, कु.रिंकी यादव, सक्षम एक्का, अर्जुन सिन्हा, अमन सिन्हा, को दो-दो हजार का पुरस्कार प्रदान किया।

### ग्राम पंचायत गोकुलपुर में हुआ ब्लॉक स्तरीय छेरता महोत्सव



**रामानुजनगर।** विकासखंड रामानुजनगर के ग्राम पंचायत गोकुलपुर में ब्लॉक स्तरीय सामूहिक छेरता महोत्सव का आयोजन किया गया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरगुजा की पारंपरिक लोक त्यौहार, अन्नदान, छेरता महोत्सव का आयोजन ब्लॉक स्तर पर किया गया। जिसमें अपने पूर्वजों द्वारा प्रचलित रूढ़ी प्रथा व देव संस्कृति को बनाएं रखने लिए आदिवासी समाज में स्वच्छता, शिक्षा, रीति-रिवाज व स्थानीय लोक संस्कृति,लोक नृत्य, लोक गीत को बढ़ावा व संरक्षित करने के उद्देश्य से आदिवासी समाज अग्रसर रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत पुजारी राम अधीन सरूता एवं सहयोगी संत कुमार मरकाम द्वारा आदिशक्ति फड़ापेन बड़ा देव व ग्राम देवी-देवताओ का सुमिरन कर छेरता महोत्सव प्रारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ.कुसुम सिंह परस्ते, विशिष्ट अतिथि राजाराम सिंह, मनमोहन सिंह उरेती, गोवर्धन सिंह मरकाम, चन्द्र विजय सिंह अरमो, पीताम्बर सिंह मरावी, इन्द्र प्रताप मरकाम, नंदकुमार टेकाम, बेचन सिंह मरपच्ची, जय सिंह पोर्ते, परमेश्वर ओरकेरा, लालकेश्वर सरूता, महेश सिंह मरावी, राम मनोहर टेकाम, ज्योतिष टेकाम, भानू पोया, घरभरन सिंह मरकाम,जगत सिंह पोर्ते, रामप्यारी सिंह उर्रे सहित अन्य उपस्थित थे।

### बहन के संबंध में अभद्र बात करने पर पानी ने डुबोकर उतारा मौत के घाट

# पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई, दोस्त ही निकला हत्यारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छेरता त्यौहार के दिन हुए अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। युवक का हत्यारा कोई और नहीं बल्कि उसका दोस्त ही निकला। आरोपी ने पहले तो मृतक के साथ छेरता त्यौहार मनाया और जब उसकी बहन के बारे में अभद्र बाते कही तो उसे घर पहुंचाने के बहाने तालाब ले गया जहां न सिर्फ पानी में डूबाकर हत्या की बल्कि साक्ष्य छिपाने के लिए मृतक के पकड़ा को खोल पानी में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**खास बात**

- साक्ष्य छिपाने मृतक के कपड़ों को उतार फेंका पानी में

पुलिस के मुताबिक ग्राम पाठकपुर निवासी सोनिया यादव ने पुलिस चौकी खड़गवां में सूचना दिया कि पति बुद्धेश्वर यादव 25 जनवरी को छेरता त्यौहार में खा पीकर शाम को त्यौहार मनाने की बात कहकर घर से निकला जिसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजन गांव में ही किसी रिश्तेदार के यहां रुक जाने की आशंका पर खोजबीन नहीं की। दूसरे दिन सुबह घर से कुछ दूर बुद्धेश्वर का शव तालाब के पानी में डूबा मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी। इधर पुलिस अधिकारियों ने मृतक का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने पर बारीकी से जांच करने के निर्देश दिए। जांच के दौरान मृतक द्वारा गांव के श्याम सिंह को किसी बात को लेकर अभद्र बात करने की जानकारी सामने आई। जिस पर पुलिस ने संदेही श्याम सिंह को पकड़ पूछताछ किया तो संदेही ने बताया कि उसकी बहन के बारे में बुद्धेश्वर बार-बार अभद्र शब्दों का प्रयोग कर रहा था जिससे तंग आकर 25 जनवरी की रात बुद्धेश्वर को उसके घर छोड़ने जाते समय रास्ते में तालाब के समीप विवाद करते हुए उसे तालाब में ले जाकर पानी में डुबाकर हत्या कर दिया और साक्ष्य छुपाने के लिए उसके कपड़ों को उताकर तालाब के पानी में फेंक दिया। आरोपी द्वारा हत्या करने की बात कबूल करने पर पुलिस ने आरोपी श्याम सिंह आ.स्व. राजेश सिंह को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध धारा 201, 302 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी खड़गवां योगेन्द्र जायसवाल, एएसआई कृष्णा सिंह, प्रधान आरक्षक संजय सिंह यादव, विनय किस्पोट्टा, देवराज, आरक्षक रामाधार सिंह, राकेश सिदार, मनोज, कृष्णकांत पाण्डेय, अनिल व भगत सिंह सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

#### साथ में बैठकर पीए शराब

बुद्धेश्वर यादव छेरता त्यौहार के दिन अपने साथी पूरन यादव, श्याम सिंह, महेश यादव के साथ मैदान में बैठकर सभी ने शराब पिया। इधर ज्यादा नशा हो जाने पर बुद्धेश्वर यादव ने श्याम सिंह की बहन से पुराना प्रेम संबंध रखने की बात कही जिससे श्याम सिंह और बुद्धेश्वर के बीच विवाद हो गया। जिसे देख उसके साथियों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। साथियों के कहने पर श्याम सिंह बुद्धेश्वर को साथ लेकर उसके घर छोड़ने जा रहा था तभी तालाब के समीप पुनः दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ जाने पर श्याम सिंह ने बुद्धेश्वर के साथ मारपीट करते हुए उसे खींचकर तालाब में ले गया जहां पानी में डुबोकर उसकी हत्या कर दी।

#### आरोपी ने छिपाया साक्ष्य

आरोपी पुलिस से बचने तथा बुद्धेश्वर को तालाब के पानी में डूबने से मौत सिद्ध करने के लिए बुद्धेश्वर की हत्या करने के बाद साक्ष्य छिपाने के लिए मृतक के कपड़ा को उतार कर तालाब के पानी में दूर फेंक दिया। किसी को उस पर शंका न हो इसे लेकर वह घटना के बाद गांव के ही राजू राजवाड़े के घर जन्मदिन के कार्यक्रम में शामिल होने चला गया था।



## स्वच्छता को लेकर हुई व्यापारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर

चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के जिला महामंत्री सौरभ अग्रवाल ने व्यापारी संघ उदयपुर के साथ मिल कर एक बहुत ही महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत उदयपुर में पिछले कुछ सालों स्वच्छता न के बराबर होने की बात कही गई। व्यापारियों ने कहा कि सेग्रेगेशन प्लांट रेस्ट हाउस के पीछे में मशीन तो आ गया परंतु पंचायत द्वारा स्वच्छता को लेकर लापरवाही बरती जा रही हैं।

विकासखंड मुख्यालय और नेशनल हाईवे एवं सरकारी क्वार्टर, कार्यालय के आसपास जगह जगह कचरे का ढेर देखने को मिल रहा हैं। ई रिक्शा एवं कचरा गाड़ी के मांग के साथ जल्द डोर टू डोर स्वच्छता अभियान शुरू करने की मांग सभी व्यापारियों द्वारा रखी गई। उन्होंने कहा कि 4 रिक्शा हैं परंतु पंचायत एवं समूह द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जा रहा हैं। पंचायत सचिव का कहना था फंड नहीं हैं जिस कारण काम नहीं कर पा रहे हैं। समूह को भी फंड की समस्या आ रही हैं। विकासखंड मुख्यालय में 2 से 3 लेबर अगर पंचायत नहीं रख पा रही तो ये बहुत बड़ी समस्या हैं । स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी कविता राजवाड़े एवं सब इंजीनियर दया मडलास्की भी बैठक में शामिल हुई। उन्होंने जल्द ही उदयपुर में अनाउंसमेंट एवं डाटा कलेक्ट कर सुविधा शुरू करने की बात कही। सौरभ अग्रवाल द्वारा व्यापारियों से कहा कि अधिकारी कर्मचारी के साथ मिलकर हर घर स्वच्छता अभियान को विकासखंड उदयपुर में पहुंचाया जाए एवं समूह और पंचायत को मिलकर व्यवस्थित तरीके से स्वच्छता को चालू किया जाए। व्यापारियों द्वारा अन्य कई मांगों को लेकर भी चर्चा की। साथ ही गलत तरीके से बनाए गए डिवाइडर के कारण दुर्घटना होने पर उस पर कम से कम दोनो तरफ सड़क पर रेडियम लगने की बात कही गई जिससे दुर्घटना कम हो सके। चर्चा उपरांत सौरभ अग्रवाल द्वारा सभी मांगो को विधायक राजेश अग्रवाल के सामने रखने की बात कही। इस दौरान सौरभ अग्रवाल व्यापारी संघ अध्यक्ष, गुरुचरण सोनी, दिलीप गुप्ता, विजय अग्रवाल, निरंजन कुमार, दीपक सिंघल, सब इंजीनियर दया मडलास्की, दीपक कुमार सिंह, कमलेश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, बाबूराम अग्रवाल, आशीष बंसल, रविन्द्र सिंह, सावन अग्रवाल, आकाश जायसवाल, सचिन अग्रहरी, शीला दास, मनीष अग्रवाल, अभय वर्मा सहित अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

## महाप्रबंधक ने एसईसीएल की फर्स्ट ऐड टीम के प्रदर्शन को सराहा

**बिश्रामपुर।** गत दिनों एसईसीएल के दीपका क्षेत्र में आयोजित प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता में बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है।गत पांच व छह जनवरी को आ यो जि त प्रतियोगिता में बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम ए के कैप्टन अरविंद विश्नोई,टीम के सदस्य महेश ठाकुर,राजेंद्र नागपुरे,धीरज गुप्ता,संजय सिंह जबकी टीम बी से कैप्टन पीयूष बोस,सुखदेव मंडल,प्रभात खरे, कृष्णालाल ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है, यहाँ पर टीम ए ने बेस्ट स्ट्रेचर ड्रिलिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसके अलावा ओवरऑल परफारमेंस में टीम ने रनर अप का खिताब अपने नाम किया। साथ ही टीम बी से पीयूष बोस ओवरमैन आमगांव को प्रतियोगिता में बेस्ट कैप्टन का खिताब प्राप्त हुआ। सोमवार को टीम के सदस्यों ने ट्राफी के साथ क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय तिवारी से मुलाकात की, इस पर महाप्रबंधक ने टीम के सदस्यों को बेहतर प्रदर्शन के लिए उनका उत्साह वर्धन कर आगे और बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा की।इस दौरान सेंट्रल अस्पताल के सीएमओ डॉक्टर वी एन सिंह,एरिया सेफ्टी ऑफिसर वीके गुप्ता,क्षेत्रीय गुणवत्ता अधिकारी अमरेंद्र नारायण,जीएम के निज सचिव अजीत नायर सहित प्रतियोगिता के प्रतिभागी उपस्थित थे।

- आगे और बेहतर करने के लिए टीम का मनोबल बढ़ाया
- दीपका में आयोजित प्राथमिक उपचार परियोगिता में एसईसीएल बिश्रामपुर की टीम ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



### पृष्ठ 1 का शेष

#### रात्रि गस्त के दौरान ...

अंग्रेजी शराब कुल मात्रा 68 लीटर 400 मिलीलीटर बरामद किया गया जिसकी कुल कीमत 41 हजार 800 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने शराब व बाइक को जब्त कर दो अलग अलग प्रकरण में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक शुभम तिवारी, एसआई एलआर चौहान, एएसआई नैतराम पैकरा, संदीप सिंह, प्रधान आरक्षक बलभद्र राम ठाकुर, आरक्षक रामाशंकर पावले, तेजराम भगत, जगजीवन बैंक, अमरेश दास, देवेन्द्र सिंह, जानकी प्रसाद राजवाडे, वंदे केरकेट्टा, इन्द्र प्रताप सिंह सक्रिय रहे।



## खबर संक्षेप



### कलश यात्रा के साथ रामगढ़ में प्रारंभ हुई राम कथा

**उदयपुर।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरे देश में भक्ति का माहौल है वहीं उदयपुर में भी प्राण प्रतिष्ठा के बाद राममय हो गया है। रामगढ़ के तराई में राम कथा का आयोजन जायसवाल परिवार द्वारा किया गया है। कथावाचक स्वामी परमात्मानंद के आगमन पर शिव मंदिर से पुष्प वर्षा, ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। साथ ही कलश यात्रा के साथ राम कथा प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा सीताराम जायसवाल के घर से बाजार चौक, छठ घाट पहुंची, जहां गायत्री परिवार द्वारा विधि विधान से गंगा पूजन कर कलश में जल भरा गया। कलश में जल भर कर उदयपुर सहित आस पास की महिलाओं ने भक्ति भाव से बाजारपारा, रामगढ़ रोड होते हुए शिव मंदिर कार्यक्रम स्थल पहुंचा। जहां सीताराम जायसवाल, रामरती जायसवाल, मनोज जायसवाल, संतोष जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल, सुरेंद्र जायसवाल ने पुष्प वर्षा कर कलशधारी महिलाओं का स्वागत किया। स्वामी परमात्मानंद महाराज ने सभी नगरवासी से राम कथा सुनने की बात कही। हर रोज प्रात 9 बजे गायत्री यज्ञ,एवं दोपहर 2 बजे से राम कथा का आयोजन किया गया है।

### प्राचार्य डॉ. एसएस अग्रवाल का विदाई समारोह 31 को

**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अपर संचालक डॉ.एसएस अग्रवाल अपनी 42 वर्षों से अधिक की सेवा अवधि पूर्ण कर 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होंगे। प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों में सेवा देने के साथ ही वे लम्बे समय तक पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक के रूप में हजारों छात्र-छात्राओं को शिक्षण प्रदान किया। शैक्षिक कार्य के साथ ही एनसीसी की आर्मी विंग में कैप्टन स्तर के अधिकारी रहे। वर्ष 2014 में डॉ.अग्रवाल शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य पद पर पदस्थ हुए तथा 2018 में स्नातकोत्तर प्राचार्य के रूप में पदोन्नत हुए। वर्ष 2021 में उच्च शिक्षा विभाग ने उन्हें अपर संचालक, सरगुजा का अतिरिक्त दायित्व सौंपा। अपनी सेवानिवृत्ति के समय डॉ.अग्रवाल ने अपने पुराने छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट तथा अपने सहयोगियों से मिलने की इच्छा व्यक्त की है।

### एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**बिश्रामपुर।** पखवाड़े भर के भीतर एसडीएम लक्ष्मण तिवारी ने दूसरी बार पुनः सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो चिकित्सक सहित आधा दर्जन कर्मचारियों के अनुपस्थित पाए जाने पर एक दिन का अवैतनिक किए जाने का निर्देश दिया गया है। दरअसल सूरजपुर एसडीएम लक्ष्मण तिवारी सोमवार की सुबह कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर का आकस्मिक निरीक्षण करने सुबह 9 बजे पहुंचे थे। यहां पर निरीक्षण के दौरान 2 चिकित्सक क्रमशः डॉक्टर शैलेष गुप्ता व डॉक्टर मुकेश के अलावा ड्रेसर आनंदी तिर्की, एमएलटी राजाराम साहू, स्टाफ नर्स अनिमा खेर, परिवार नियोजन सलाहकार फिलिप टोप्पो, मेडिकल असिसेंट विनोद खलखो अनुपस्थित पाए गए। हालांकि सभी लोग करीब साढ़े 9 बजे अस्पताल में आकर अपनी सेवाएं यथावत देने लगे। एसडीएम द्वारा अनुपस्थित पाए गए चिकित्सकों व अन्य कर्मचारियों को एक दिन के अवैतनिक किए जाने के निर्देश सूरजपुर बीएमओ डॉक्टर प्रशांत सिंह को दिए गए हैं।साथ ही अस्पताल में साफ सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## निधन

### श्रीमती जानकी सिंह



**अम्बिकापुर।** शहर के गांधीनगर निवासी श्रीमती जानकी सिंह पत्नी परशुराम सिंह शनिवार का निधन हो गया। वे 95 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार बनारस स्थित मणिकर्णिका घाट पर किया गया वे लुण्ड्रा के जनपद उपाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह की माता थी।

## उपकरण मद के 10 करोड़ रुपए से खरीदी के लिए भेजा गया था प्रस्ताव

# एक साल के इंतजार उपरान्त मेडिकल कॉलेज को मिली सात करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- 14 करोड़ की एमआरआई मशीन की होनी है खरीदी, एसईसीएल दे चुका है 7 में 5.60 करोड़ रुपए



राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल में एमआरआई मशीन की खरीदी के लिए एक वर्ष के इंतजार उपरांत अब प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। शासन ने मेडिकल कॉलेज को उसके उपकरण मद की 10 करोड़ की राशि में से 7 करोड़ रुपए एमआरआई मशीन पर खर्च करने की अनुमति दे दी है लेकिन जब तक राशि जारी नहीं होती है तब तक उपकरण की खरीदी संभव नही है। बड़ी बात यह है कि एसईसीएल अपने हिस्से की 80 प्रतिशत राशि को पहले ही जारी कर चुका है। बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए एमआरआई मशीन खरीदने की प्रक्रिया वर्ष 2019 से चल रही है। शासन की पहल पर एसईसीएल प्रबंधन द्वारा मशीन के लिए 7 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई थी। लम्बे समय तक स्वीकृति मिलने के बाद तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की पहल के बाद प्रक्रिया में तेजी आई थी और कॉलेज प्रबंधन द्वारा मरीजों की सुविधा की सुविधा के लिए 1.5 टेस्ला की एमआरआई मशीन खरीदी करने का निर्णय लिया गया था। इस मशीन की कीमत लगभग 14 करोड़ रुपए है। ऐसे में शेष 7 करोड़ की राशि कॉलेज प्रबंधन द्वारा अपने प्रतिवर्ष के 10 करोड़ के उपकरण मद से देने पर सहमति जताई थी और प्रस्ताव शासन को भेज दिया था। इधर एसईसीएल द्वारा भी अपनी सात करोड़ की राशि में से पहली किस्त 5.60 करोड़ रुपए का चेक 14 जून को कलेक्टर के माध्यम से अस्पताल प्रबंधन को सौंप दिया था जबकि मेडिकल कॉलेज को अपने उपकरण मद से मशीन खरीदने के लिए अनुमति नही मिल पा रही थी। लेटलतीफी व आचार संहिता के कारण फाइल पेंडिंग हो गई और फिर सरकार भी बदल गई। ऐसे में पुनः कॉलेज प्रबंधन द्वारा प्रस्ताव भेजकर शासन से अनुमति मांगी गई थी। अब बताया जा रहा है कि शासन द्वारा कॉलेज प्रबंधन को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शासन ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को 10 करोड़ रुपए के उपकरण मद में से 7 करोड़ रुपए एमआरआई मशीन पर खर्च करने की अनुमति दी गई है लेकिन फिलहाल कॉलेज प्रबंधन को राशि जारी नही की गई है इस लिए अभी भी मेडिकल कॉलेज में लोगों को एमआरआई मशीन के किए लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

### विप्रो जी कंपनी के मशीन की होनी है खरीदी

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एमआरआई मशीन स्थापित करने को लेकर वर्षों से प्रक्रिया चल रही है। हर बार कॉलेज प्रबंधन द्वारा टेंडर जारी किया जाता था लेकिन कोई मशीन सप्लाई करने में रुचि नहीं दिखा रही थी। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन को एमआरआई मशीन के लिए दर्जनों टेंडर करने पड़े। अंततः विप्रो जी कंपनी ने 1.5 टेस्ला की आधुनिक मशीन उपलब्ध कराने में रुचि दिखाई। कंपनी द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निरीक्षण कर मशीन के स्थापना हेतु ड्राइंग डिजाइन भी तय किया लेकिन राशि जारी नहीं होने से प्रक्रिया अटक गई है।

### दी गई है स्वीकृति

शासन से एमआरआई मशीन की खरीदी हेतु उपकरण मद के सात करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। राशि जारी होने के साथ ही एसईसीएल द्वारा प्रदान की गई राशि को मिलकार एमआरआई मशीन की खरीदी की जाएगी। मशीन की खरीदी से स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हो सकेगा।

-डॉ. आर मूर्ति
अधिष्ठाता



## शासकीय कन्या उमावि में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूली बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने एवं विद्यार्थियों में तत्संबधी तनाव दूर करने के लिए सीधा संवाद किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बच्चों से सीधा संवाद कर उन्हें परीक्षा को एक उत्सव की तरह मनाने तनावमुक्त एवं उत्साह के साथ दिलाने के टिप्स दिए। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास ने बच्चों को आगामी परीक्षा के लिए मन लगाकर पढ़ने और परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन करने की बात कही। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाईव प्रसारण में जिले के विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस वर्ष कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों को भाग लेने का अवसर दिया गया है।



### डीएवी में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन

**बिश्रामपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा 2024' कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। उक्त अवसर पर कक्षा सातवीं एवं ग्यारहवीं के विद्यार्थी, समस्त अध्यापक- अध्यापिकाओं की उपस्थिति रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरक बातों एवं जानकारियों को सुन कर सभी प्रेरित एवं लाभान्वित हुए।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों को चुनौतियों का सामना करने, शारीरिक स्वास्थ्य का ख्याल रखने, लिखकर प्रैक्टिस करने, टाइम मैनेजमेंट के प्रति जागरूकता, जीवन में स्पर्धा होना जरूरी, किसी भी तरह के दबाव से निपटने के लिए खुद को ढालने, अभिभावकों और शिक्षकों को अपने आचरण पर गहनता से विचार करने आदि बिन्दुओं पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि अभिभावकों को बच्चों की क्षमता को परख कर उन्हें तनावमुक्त बनाना चाहिए और उनकी कोमल मनोवृत्ति को सूक्ष्मतापूर्वक समझना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी क्षमता को विकसित करने और आत्मविश्वास को जीवंत बनाए रखने की बात कही। विद्यालय प्राचार्य एच के पाठक ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को अपनी क्षमता को परख कर कड़ी मेहनत करने एवं आत्मविश्वास को मजबूत बनाए रखने की बात कही। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कंवर समाज ने मुख्यमंत्री को मांदर भेंट कर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर




छत्तीसगढ़ आदिवासी कंवर समाज द्वारा रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कंवर महोत्सव में सामाजिक मुखियाओं के साथ भेंट मुलाकात व स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिस पर छत्तीसगढ़ के सभी जिले के सामाजिक पदाधिकारी द्वारा जिलेवार स्वागत सम्मान किया गया, जिसमें सूरजपुर कंवर समाज द्वारा अपनी आदिवासी संस्कृति और सबसे पुरानी वाद्य यंत्र मांदर भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा सूरजपुर के संयुक्त कलेक्टर रवि सिंह को प्रशासनिक सेवा, जिला अस्पताल सूरजपुर के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तेरस कंवर उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा, दो महिलाओं का कुआ में गिरने और भालू के जबड़े से छुड़ा कर से जान बचाने के लिए देवेंद्र पैकरा को वीरता पुरस्कार और उन्नत कृषि के क्षेत्र में लवकेश पैकरा, नधीर पैकरा व राम प्रसाद पैकरा को सम्मानित किया गया। 10वीं 12वीं नीट मेडिकल उत्कृष्ट विद्यार्थियों में अमलेन्द्र पैकरा, तारा पैकरा,अमनदीप पैकरा,अर्चना पैकरा,पायल पैकरा, सोनल पैकरा, अंजली पैकरा, चंदा पैकरा, रागिनी पैकरा, गिरीश कुमार पैकरा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कंवर समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. राजेश पैकरा, जिला संरक्षक जेपी साय, सुरेश साय पैकरा, रामसाय पैकरा, अनिल कुमार पैकरा, अरजलाल पैकरा,उपाध्यक्ष अमरनाथ पैकरा, महेश्वर पैकरा, सचिव रावेंद्र पैकरा, कोषाध्यक्ष महेश पैकरा, प्रवक्ता मोतीलाल पैकरा, युवा अध्यक्ष सत्य प्रकाश पैकरा, नंदगोपाल पैकरा, हरिकेश्वर, नधीर पैकरा, छत्रपाल, संजीव पैकरा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### गांधी सुमिरन पर विचार गोष्ठी आज

**अम्बिकापुर।** रेहाना फाउंडेशन द्वारा के आर टेक्निकल कॉलेज में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गांधी सुमिरन कार्यक्रम का आयोजन 30 जनवरी की शाम 5.30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में विख्यात वैज्ञानिक चिंतन एवं शायर गौहर रजा वर्तमान समय में वैज्ञानिक चिंतन गांधी और संविधान पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

## कोयलांचल क्षेत्र का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

- लाल मैदान में गंदगी देख सीएमओ को लगाई फटकार



**बिश्रामपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास सोमवार को सुबह बिश्रामपुर क्षेत्र का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे। बिश्रामपुर बस स्टैंड से उन्होंने अपने निरीक्षण की शुरूआत की।बस स्टैंड में उन्होंने सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया।कलेक्टर इस दौरान उन्होंने नालियों की सफाई और कचरे का उठाव तथा अवैध होर्डिंग पर नियमानुसार कार्यवाही करने नगर पंचायत सीएमओ को निर्देशित किया।उन्होंने नगर पंचायत से लेकर ग्राम पंचायत तक संयुक्त क्षेत्र का निरीक्षण किया। साथ ही गार्बेज वेन (कचरा गाड़ी) पुलिस सहायता केंद्र थाना और लाल मैदान शिवनंदनपुर के क्षेत्र में बेहतर साफ-सफाई करने निर्देशित किया। लाल मैदान को गंदगी से भरा देख कलेक्टर खासे नाराज हुए, इस पर सीएमओ नगर पंचायत ने बताया कि उक्त क्षेत्र शिवनंदपुर पंचायत अंतर्गत है और मुख्य बाजार के निवासी यहां सुबह कचरा फेंक जाते है जिस पर उन्होंने पंचायत सचिव विजय सिंह को तलब कर उचित व्यवस्था करने निर्देशित किया।साथ ही बस स्टैंड में सुलभ शौचालय में साफ सफाई व्यवस्था को बेहतर करने व यात्रियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इस बात को सुनिश्चित करने को कहा।कलेक्टर यहां से पैदल मुख्य मार्ग होतेहुए डीएवी स्कूल चौक पहुंचे और नगर पंचायत टीम को साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था के लिए निर्देशित किया,निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि नगर पंचायत की आमदनी का स्त्रोत बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए। इसमें अवैध होर्डिंग और समेकित कर की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही इन्होंने वार्ड पार्षदों के माध्यम से श्रमदान योगदान की बात भी कही।निरीक्षण के दौरान सूरजपुर एस डी एम लक्ष्मण तिवारी उनके साथ थे।

## धान की चोरी और किसानों से अभद्रता को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर




जिले के धान खरीदी केंद्रों में किसानों के धान चोरी करने तथा किसानों के साथ की जा रही अभद्रता की शिकायत को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता व युवा कांग्रेस के नेता दीपक कर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा । दीपक कर ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जिले के विभिन्न धान केंद्रों में किसानों के धान चोरी करने की शिकायतें आ रही है। जब इस संबंध में किसानो द्वारा विरोध किया जाता है तो धान खरीदी केंद्रों के प्रबंधक द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए धमकी दी जाती है। रामानुजनगर के ग्राम उमापुर ब्लॉक जहां धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक द्वारा भी किसानो के धान चोरी करने की शिकायत मिली है। उमापुर धान खरीदी केंद्र के अलावा जिले के अधिकांश धान खरीदी केंद्र में इस तरह की हरकतें किसानों के साथ किया जा रहा है जिससे किसान काफी परेशान है। किसान धरम लाल ने शिकायत करते हुए बताया कि धान खरीदी केंद्र उमापुर में 26 दिसम्बर को 42.80 (107 बोरी) क्विंटल धान बेचा है और धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक द्वारा 107 बोरी 42.80 क्विंटल का तौल पत्र भी मिला है जबकि खाते में प्रबंधक और ऑपरेटर द्वारा 39.20 (98 बोरी) क्विंटल धान विक्रय किया गया है, शेष धान 3.60 (9 बोरी) धान को चोरी कर लिया गया है। इस सम्बन्ध में पूछने पर प्रबंधक द्वारा किसानों के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। दीपक कर ने समस्त धान खरीदी केंद्रों की उचित निगरानी रखकर जांच करते हुए गलत करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

*अम्बिकापुर। लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम सिलसिला निवासी संध्या बेग आ. जगदल राम (31 वर्ष) 28 जनवरी की सुबह परिजन को बिना बताए ही घर से शहर की ओर आ गई थी। इसी बीच युवती ग्राम मेण्ड्रा निवासी जोगेन्द्र एक्का के साथ उसके बाइक से मेण्ड्रा की ओर जा रही थी। जैसे ही बाइक सवार एनएच 130 लोधिमा फुटा मुडा तालाब के समीप पहुंचे तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवती की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार जोगेन्दर मौके से फरार हो गया।

## पीईकेबी ने पौधरोपण में रचा कीर्तिमान



**अम्बिकापुर।** आरआरवीयूएनएल की कोयला मंत्रालय से पुरस्कृत पांच सितारा खदान पीईकेबी ने पौधरोपण में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पीईकेबी खदान के रेकलैम्ड क्षेत्र में अक्टूबर 2023 तक 90 प्रतिशत से अधिक सफलता की दर के साथ में 11.50 लाख से अधिक पेड़ लगाए हैं। यह भारत के खनन उद्योग में अब तक का सबसे बड़ा पौधरोपण अभियान है। इसके अलावा पीईकेबी खदान ने वन विभाग के मार्गदर्शन में वर्ष 2023-24 में इस अभियान के तहत अब तक 2.10 लाख से अधिक पेड़ लगाए हैं जो कि बीते 10 वर्षों की तुलना में कई गुना ज्यादा पेड़ लगाने का नया कीर्तिमान रचा है। जिसमें मुख्य तौर पर साल के वृक्षों का रीजनरेशन जो की बहुत ही मुश्किल प्रक्रिया है। इसके बाद भी अभूतपूर्व सफलता हासिल कर लगभग 11 सौ एकड़ से ज्यादा भूमि को साल और अन्य पौधों का रोपण कर एक नया घना और मिश्रित जंगल तैयार किया है। इसके अलावा जर्मनी से आयातित एक खास ट्रांसप्लांटर मशीन द्वारा नौ हजार से अधिक साल के वृक्षों का सफल प्रत्यारोपण भी किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## अग्निवीर भर्ती के विद्यार्थियों को परीक्षा पूर्व दी जाएगी एक माह की कोचिंग

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर योजना अंतर्गत अग्निवीर वायु सेना भर्ती विषय पर विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, महाविद्यालय, आईटीआई, पॉलिटेक्निक के प्राचार्यों को अग्निवीर में भर्ती के संबंध में संयुक्त बैठक ली गई। उन्होंने सभी प्राचार्यों से बच्चों को अग्निवीर भर्ती परीक्षा में आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा गया ताकि अधिक से अधिक बच्चे आवेदन कर सके। सभी प्राचार्यों को वीडियो के माध्यम से अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया को बताया गया। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों से कहा कि वे अपने स्कूल, कॉलेज के बच्चों को भारतीय सैन्य बल की भर्ती परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आवेदन करने वाले आवेदकों को परीक्षा पूर्व एक माह कोचिंग भी दिया जाएगा, जिसमें बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी। कलेक्टर ने विशेष तौर पर गरीब तबके के बच्चों को अग्निवीर सेना भर्ती हेतु बच्चों को प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने कहा कि 4 साल की अवधि के दौरान अग्निवीरों को प्रथम वर्ष 30 हजार भत्ता, द्वितीय वर्ष 33 हजार भत्ता, तृतीय वर्ष 36 हजार 500 एवं चतुर्थ वर्ष 40 हजार भत्ता दिया जाएगा। चार साल की सेवा के पश्चात अग्नि वीरों को 10.04 लाख ब्याज सहित सेवा आयकर से छूट योग्य रहेगा। इसके साथ 48 लाख का जीवन बीमा का लाभ भी दिया जाएगा। चार साल की सेवा के पश्चात सेवा निधि पैकेज और अग्निवीर कौशल विकास प्रमाण पत्र व कक्षा 12 वीं का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। प्रत्येक वर्ष 30 दिनों का वार्षिक अवकाश और चिकित्सा सलाह के आधार पर बीमारी से संबंधित अवकाश दिया जाएगा। भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु 17 जनवरी से 6 फरवरी तक भारतीय वायुसेना के वेबसाइट के माध्यम से इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते है।

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता - MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. प्राची जायसवाल - MBBS, DGO स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप जायसवाल - MBBS, MS जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती - MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल - एम. डी. फिजीशियन
डॉ. ए. के. श्रीवास्तव - जनरल फिजीशियन
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि - BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता - MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता - MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले - MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता - MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध